आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 24.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 हजार 700 करोड़ रूपये से अधिक की किसान सम्मान निधि जारी की–कहा– सरकार के निरन्तर प्रयास से कृषि निर्यात में बढोतरी।
- राज्य विधानसभा में गतिरोध बरकरार–निलम्बित कांग्रेस विधायकों की बहाली पर स्थिति स्पष्ट नहीं।
- प्रयागराज महाकुम्भ में महा शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए रेलवे की ओर से स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए कई उपाय।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना के लिए वाहन चालकों को लगातार जागरूक किये जाने पर जोर दिया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। योजना के नौ करोड़ 80 लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे 22 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जारी की गई। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है।

......................

जयपुर में पीएम किसान सम्मान निधि योजना का राज्य स्तरीय समारोह हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश के 72 लाख किसानों के बैंक खातों में 1400 करोड़ रूपये से अधिक की राशि डीबीटी की गई है।

..................

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चल रही विभिन्न कृषि योजनाओं के अनुदान चैक भी किसानों को वितरित किए। श्री शर्मा ने राज्य कृषि प्रबन्धन संस्थान में लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत भी की। आज सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। पाली के लाभान्वित किसानों ने सम्मान निधि के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

................

राज्य विधानसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बरकरार है। आज दिनभर हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बार–बार बाधित हुई। कार्यवाही शुरू होते ही 21 तारीख से सदन में धरने पर बैठे कांग्रेस के विधायक वैल में आकर हंगामा करने लगे। इसके कारण पहले सदन को 12 बजे तक फिर 1 बजे तक स्थगित करना पड़ा। भोजनावकाश के बाद प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और कांग्रेस के अन्य सदस्यों की ओर से शुक्रवार को हुई घटना पर खेद प्रकट करने के बाद विवाद समाप्त हुआ। हालांकि कुछ देर बाद कांग्रेस सदस्य सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के लिये कहे गये शब्दों पर उनकी माफी के लिये अड़े रहे। इसके बाद कांग्रेस के सदस्य सदन से वॉकआउट कर गये। उन्होंने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन भी किया। उधर दोपहर को इसी मुद्दे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर के बाइस गोदाम पर प्रदर्शन किया। जिस पर पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।
नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गतिरोध समाप्ति के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री को खेद प्रकट करना चाहिए।

................

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार की पहल के बावजूद गतिरोध समाप्त करने में विपक्ष सहयोग नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास जनहित का कोई मुद्दा नहीं है।

000

चुनाव आयोग 4 और 5 मार्च को नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित करेगा। ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के बाद आयोग की ओर से आयोजित यह पहला सम्मेलन है। इसमें चुनाव अधिकारियों को विचार–विमर्श करने और एक–दूसरे के अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा।

.....................

और अब खबरें महाकुंभ से –

भारतीय रेलवे प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक यात्रा के विकल्प देने का निरन्तर प्रयास कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड के नियंत्रण कक्ष से स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि रिजर्वेशन वाले यात्री सीधे स्टेशन में प्रवेश कर सकते हैं और बिना टिकिट वालों को पहले होल्डिंग एरिया में रखा जाता है।

..................

प्रयागराज महाकुम्भ में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से अब तक बुजुर्गों को 16 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के करीब एक लाख सहायक उपकरण वितरित किए जा चुके हैं। मंत्रालय ने अपने मंडप को डिजिटल थीम पर बनाया है। मंडप में बुजुर्गों को व्हीलचेयर, चलने की छडियां, सिलिकॉन कुशन और बैसाखी सहित सहायक उपकरण मुफ्त दिये जा रहे हैं।

मंडप का एक अन्य प्रमुख आकर्षण ट्यूलिप ब्रांड पहल है, जिसके तहत कारीगर अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर रहे हैं। यहां आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिये रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं।

.....................

भारतीय रिजर्व बैंक–आर.बी.आई ने आज से वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक करना है। जागरूकता सप्ताह 28 फरवरी तक चलेगा। इस साल का विषय "वित्तीय साक्षरता – महिला समृद्धि" है। ये थीम महिलाओं को वित्तीय और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर बल देती है। इस दौरान बैंकों के सभी डिजिटल वित्तीय और बैंकिंग एप का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि यातायात नियमों की पालना और सुरक्षित यात्रा के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी वातावरण बनना चाहिए। श्री बागड़े आज बीकानेर में सड़क सुरक्षा कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को शिक्षित, प्रशिक्षित करने के साथ ही वाहन मालिकों के लिए आर्थिक दण्ड लगाने और उनकी जबावदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए सामूहिक प्रयास किये जायें। राज्यपाल ने वाहन चालकों को नशा मुक्त रखने के लिए भी काम करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली 9 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

000

राजस्थान पुलिस अकादमी–आरपीए में आज पुलिस अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने 8 पुलिस कार्मिकों को केन्द्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित किया। इसके साथ ही 26 अधिकारियों को डीजीपी डिस्क से, 11 को अति उत्कृष्ट और 6 को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक ने सभी पुरस्कार विजेताओं से आने वाले समय में और अधिक जोश के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

000

प्रदेश के कई जिलों में सुबह–शाम सर्दी का असर बना हुआ है। सीकर, पिलानी समेत आठ शहरों में न्यूनतम तापमान आज दस डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। दिन के तापमान में अब धीरे–धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। अगले दो दिनों में ज्यादातर शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य का मौसम शुष्क रहा। जयपुर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर, गंगानगर, सीकर, पाली समेत लगभग सभी शहरों में आसमान साफ रहा और धूप निकली। इस कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी भी हुई। राजधानी जयपुर में सुबह–शाम हल्की ठंडक रही, दिन में गर्मी का एहसास हुआ। राज्य में 27 फरवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से बादल छाएंगे और कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इस सिस्टम का असर एक मार्च तक रहने की संभावना है।

000